संविधान दिवस

उच्चतर शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार अग्रवाल महाविद्यालय बल्लबगढ़ में दिनांक 26 नवम्बर 2019 को महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. कृष्णकांत गुप्ता के दिशा निर्देशन में संविधान दिवस की 70वीं वर्षगांठ मनाई गई, इसका उद्देश्य संविधान के विषय में नागरिकों को जागरूक करना था। इस अवसर पर एक अतिथि व्याख्यान डॉ. राधिका कुमार, प्रवक्ता मोतीलाल नेहरू कॉलेज, दिल्ली विश्वविद्यालय के द्वारा दिया गया । डॉ. राधिका ने संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर के भारतीय संविधान को अमूल्य योगदान को याद करते हुए संविधान के एक महत्वपूर्ण अध्याय मोलिक कर्तव्यों के विषय में विद्यार्थियों को अवगत कराया। मौलिक कर्तव्य 1976 में 42वें संशोधन द्वारा भारतीय संविधान में जोडे गये। आज हमारी बडी आबादी संविधान के बारे में नहीं जानती है और कुछ अपने अधिकारों के प्रति तो जागरूक हैं लेकिन अपने कर्तव्य उन्हें याद नहीं जबकि दोनों एक ही सिक्के के दो पहलू हैं। पहले हम अपने कर्तव्यों का पालन करेंगे तभी अधिकार के भागीदार होंगे । अन्त में सबने संविधान की प्रस्तावना पढ़ते हुए संविधान के प्रति निष्ठा रखने का संकल्प लिया । यह कार्यक्रम राजनीति शास्त्र की विभागाध्यक्षा डॉ. रितु व प्रवक्ता श्रीमती ज्योति डागर के सहयोग से सम्पन्न हुआ ।